नव भारत
1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण


4 संपतिया उइके का राजनीतिक सफर प्रेरणादायक


5 पंजाब-हिमाचल को 5 करोड़ की मदद


8 प्रत्येक खिलाड़ी को मिलेंगे 10 लाख रुपए


9 आयात पर निर्भरता घटाना जरूरी : पीयूष गोयल

## एक नजर में



### एएमयू की पहली महिला कुलपति नियुक्त

नयी दिल्ली. उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की पहली महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश बरकरार रखने का सोमवार को फैसला सुनाया. न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली प्रोफेसर मुजफ्फर उरुज रब्बानी और प्रोफेसर फैजान मुस्तफा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया. वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल याचिकार्ताओं का पक्ष रखा.

### दुर्ग पुलिस ने 60 लाख का गांजा पकड़ा

दुर्ग. छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में अंतरराज्यीय गांजा तस्करी का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने कुम्हारी टोल प्लाजा पर एक कंटेनर को रोका, जिसमें से लगभग ?60 लाख मूल्य का 388 किलो गांजा (388 पैकेट) बरामद हुआ. इसके साथ ?95 हजार नकद भी जब्त किए गए.कंटेनर चालक उमेश यादव (बिहार) को गिरफ्तार करने के बाद, उसके कबूलनामे पर नागपुर में दो अन्य तस्करों—मुस्ताक अहमद और फयाज अंसारी—को भी पकड़ा गया. पुलिस ने इस पूरे मामले में एनडीपीएस कानून के तहत कार्रवाई की है.

### राज्यपाल बागडे ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

जयपुर/नई दिल्ली. राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने अपने एक वर्ष के कार्यकाल पर आधारित पुस्तक अभ्युदय की ओर की एक प्रति भेंट की.राज्यपाल ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों से राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की. प्रधानमंत्री मोदी ने उनके एक वर्ष के कार्यकाल को महत्वपूर्ण बताया और डेयरी, सहकारिता तथा प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में किए गए उनके प्रयासों की सराहना की.बागडे ने प्रधानमंत्री को राज्य में उच्च शिक्षा में सुधार, आदिवासी कल्याण और केंद्र-राज्य की योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के बारे में भी जानकारी दी.

### बाढ़ से बिजली बोर्ड को 50 करोड़ का नुकसान

जालंधर. हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और भाखड़ा, पौंग व रणजीत सागर बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण पंजाब में आई भीषण बाढ़ ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड (पीएसपीसीएल) के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है. प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार, बोर्ड को 50 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति हुई है.बाढ़ से 6,500 से अधिक बिजली के खंभे, 2,300 ट्रांसफार्मर, 7,500 किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनें और 22 सब-स्टेशन क्षतिग्रस्त हुए हैं. अकेले सीमावर्ती क्षेत्रों में लगभग 25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. इस बाढ़ ने 23 जिलों के 2,050 गांवों में 20 लाख से अधिक लोगों को प्रभावित किया.

# नेपाल प्रदर्शन में 20 की मौत

**350** से ज्यादा लोग अब तक हुए घायल, 10 की हालत गंभीर | **26** अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर रजिस्ट्रेशन न होने के कारण उन पर लगाया था प्रतिबंध | **09** 10 और 11 की परीक्षाएं की रद्द

- नेपाल के गृहमंत्री रमेश लेखक ने दिया इस्तीफा
- पुलिस को उपद्रवियों पर करनी पड़ी फायरिंग



**काठमांडू, 8 सितंबर. नेपाल में सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंधों और भ्रष्टाचार के खिलाफ देशभर में युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा है. राजधानी काठमांडू समेत कई शहरों में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई और 350 से अधिक घायल हो गए. घायलों में 10 की हालत गंभीर बनी हुई है. हालात को काबू करने के लिए कई शहरों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और सेना की तैनाती की गई है. इस बीच, गृहमंत्री रमेश लेखक ने अपने पद से इस्तीफे की पेशकश की है.**

नेपाल सरकार ने फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और 26 अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर रजिस्ट्रेशन न होने के कारण उन पर प्रतिबंध लगा दिया था. यह फैसला युवाओं के बीच भारी आक्रोश का कारण बना. प्रदर्शनकारी, जिन्हें जेन-ज़ी कहा जा रहा है, सोशल मीडिया पर बैन हटाने के साथ-साथ भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और भाई-भतीजावाद के खिलाफ भी आवाज उठा रहे हैं. सोमवर सुबह हजारों की संख्या में युवाओं ने काठमांडू में संसद भवन पर धावा बोल दिया.

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछार का इस्तेमाल किया, लेकिन जब हालात बेकाबू हो गए तो गोलीबारी करनी पड़ी. नेपाल के इतिहास में यह पहली बार है जब प्रदर्शनकारी संसद भवन परिसर में इस तरह से घुस पाए हैं. स्थिति बिगड़ने के बाद काठमांडू घाटी में कई जगहों, पोखरा, इटाहारी (सुनसारी), बुटवल-भाईरहावा (रूपनदेई) में कहीं-कहीं और सीमित अवधि का कर्फ्यू लगाया गया है. समिति ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को आगामी बैठक में समिति को सोशल मीडिया से संबंधित तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है.

### सरकार की प्रतिक्रिया और ताजा हालात

हिंसक प्रदर्शनों के बाद सरकार ने देश भर में आगामी तीन दिनों यानी 9, 10 और 11 सितंबर को होने वाली सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है और कई शहरों में स्कूल बंद रखने का फैसला लिया है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा के आवास पर कैबिनेट की एक आपात बैठक भी बुलाई गई है। संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक हाना सिंगर-हम्दी ने हिंसा पर दुख जताते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। फिलहाल काठमांडू समेत पोखरा, बुटवल और विराटनगर में भी प्रदर्शन जारी हैं और सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है।

# मतदाता सूची में अब मान्य होगा आधार कार्ड

- नागरिकता साबित करने के लिए आधार मान्य नहीं रहेगा
- सुको ने आधार को मान्य पहचान दस्तावेज माना



**नई दिल्ली, 8 सितंबर. सुप्रीम कोर्ट ने बिहार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के मामले में एक अहम फैसला सुनाते हुए आधार कार्ड को मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए एक वैध पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने का निर्देश दिया है.**

कोर्ट ने चुनाव आयोग को आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज़ के रूप में शामिल करने का आदेश दिया है, जिससे अब मतदाता वोटर लिस्ट में अपना नाम जोड़ने के लिए आधार कार्ड का भी उपयोग कर सकेंगे. हालाँकि, शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आधार कार्ड को नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता. इस फैसले से यह सुनिश्चित होगा कि केवल वास्तविक नागरिकों को ही मतदान का अधिकार मिले.

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह अधिकार दिया है कि वह प्रस्तुत किए गए आधार कार्ड की वैधता की जाँच कर सके. कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि केवल वास्तविक नागरिकों को ही वोट देने की अनुमति होगी, जाली दस्तावेजों के आधार पर असली होने का दावा करने वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाए.

> चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट को बताया कि आधार कार्ड को नागरिकता के प्रमाण के तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता. इस पर, जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने भी यह बात दोहराई कि पासपोर्ट और जन्म प्रमाण पत्र को छोड़कर, चुनाव आयोग द्वारा पहले से सूचीबद्ध किए गए 11 दस्तावेज भी नागरिकता के सबूत नहीं माने जाते हैं.

# मध्यप्रदेश सरकार को नोटिस

### चूहों के कुतरने से नवजात की मौत पर एनएचआरसी सख्त

**दिल्ली/इंदौर,08 सितंबर. एमवाय अस्पताल के एनआइसीयू में भर्ती दो नवजातों को चूहों द्वारा कुतरे जाने और उनकी मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव और इंदौर कलेक्टर को नोटिस जारी किया है।**

आयोग ने अधिकारियों को दस दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अनुसार, यह मामला अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और वहां की स्वच्छता व्यवस्था में भारी कमी को दर्शाता है। शिकायतों और प्रारंभिक तथ्यों में यह भी उल्लेख किया गया है कि अस्पताल परिसर में चूहों का आतंक लंबे समय से है, लेकिन इसके नियंत्रण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए।

> उच्चतम न्यायालय ने निर्धारित अवधि से अधिक समय तक जेल में बंद रहने को मजबूर एक दोषी की याचिका पर मध्य प्रदेश सरकार को 25 लाख रुपये का मुआवज़ा देने उसे देने का सोमवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने इस तथ्य पर गौर करते हुए कि दोषी सोहन सिंह ने 11 साल और सात महीने जेल में बिताए, लेकिन उसकी जेल की सज़ा केवल सात साल की थी।

# प्रेरणा स्त्रोत थे भूपेन हजारिका



**नयी दिल्ली, 08 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महान संगीतकार और सांस्कृतिक हस्ती भूपेन हजारिका को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन और संगीत को करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया.**

मोदी ने हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह की शुरुआत करते हुए उनके जीवन और विरासत पर अपने विचार लिखे और बताया कि कैसे उस्ताद के संगीत और संदेश ने देश भर में अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ. प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपना लेख साझा करते हुए लिखा, भूपेन हज़ारिका जी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूँ. उनके जन्म शताब्दी समारोह की शुरुआत करते हुए मैंने उनके जीवन और संगीत पर कुछ विचार लिखे हैं और बताया है कि कैसे इसने लाखों लोगों को प्रेरित किया. उन्होंने लिखा कि भारत रत्न से सम्मानित भूपेन हज़ारिका को भारतीय संगीत, साहित्य और सिनेमा, विशेष रूप से असम और व्यापक पूर्वोत्तर क्षेत्र में उनके गहन योगदान के लिए याद किया जाता है.

# 7 रेंज डीआईजी सहित दो जिले के एसपी बदले

### मोनिका शुक्ला एडि .सीपी नगरीय पुलिस भोपाल और राजेश सिंह को डीआईजी भोपाल ग्रामीण

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 सितंबर. राज्य सरकार ने सोमवार को भारतीय पुलिस सेवा के 20 अफसरों के तबादले किये हैं. इसमें 18 उप पुलिस महानिरीक्षक सहित धार और अशोकनगर जिले के एसपी भी बदल दिये गये हैं.**

इसमें सात रेंज रीवा, छतरपुर, बालाघाट, सागर, भोपाल ग्रामीण रेंज, रतलाम, इंदौर ग्रामीण, छिंदवाड़ा के डीआईजी भी शामिल हैं. डीआईजी पद पर पदोन्नत होने के बाद भी अशोक नगर जिले के पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी संभाल रहे विनीत कुमार जैन को अब डीआईजी बालाघाट रेंज बालाघाट पदस्थ किय गया है, इसी तरह डीआईजी बनने के बाद भी धार जिले की कमान संभाल रहे एसपी मनोज कुमार सिंह को अब डीआईजी इंदौर ग्रामीण रेंज की जिम्मेदारी दी गई है. वहीं मयंक अवस्थी एआईजी शाखा जी पीएचक्यू भोपाल को अब धार जिले का पुलिस अधीक्षक और राजीव कुमार मिश्रा एआईजी महिला सुरक्षा शाखा पीएचक्यू भोपाल को अशोक नगर जिले का पुलिस अधीक्षक पदस्थ किया गया है.

डीआईजी रीवा रेंज को अब डीआईजी भोपाल ग्रामीण रेंज की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं पंकज श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध व मुख्यालय नगरीय पुलिस भोपाल को हटा कर उन्हें अब डीआईजी पीएचक्यू पदस्थ किया गया है. राजेश सिंह को डीआईजी भोपाल ग्रामीण रेंज की जिम्मेदारी दी गई है. इधर मोनिका शुक्ला डीआईजी रेल पीएचक्यू को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध व मुख्यालय नगरीय पुलिस भोपाल की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है.

**20 अफसरों के तबादलों की सूची इस प्रकार है**

| अधिकारी | वर्तमान पदस्थापना | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| ललित शाक्यवार | डीआईजी छतरपुर रेंज | डीआईजी पीएचक्यू भोपाल |
| मुकेश कुमार श्रीवास्तव | डीआईजी बालाघाट रेंज | डीआईजी मप्र मानव अधिकार आयोग भोपाल |
| सुनील कुमार पाण्डे | डीआईजी सागर रेंज | डीआईजी पीएचक्यू |
| ओमप्रकाश त्रिपाठी | डीआईजी भोपाल ग्रामीण रेंज | डीआईजी विसबल मध्य क्षेत्र भोपाल |
| मनोज कुमार सिंह | डीआईजी रतलाम रेंज | डीआईजी लोकायुक्त संगठन भोपाल |
| मनोज कुमार श्रीवास्तव | एडि .सीपी अपराध व मुख्यालय नगरीय पुलिस इंदौर | डीआईजी पीआरटीएस इंदौर |
| मोनिका शुक्ला | डीआईजी रेल पीएचक्यू | एडि .सीपी अपराध व मुख्यालय नगरीय पुलिस भोपाल |
| निमिष अग्रवाल | डीआईजी इंदौर ग्रामीण रेंज | डीआईजी रतलाम रेंज |
| डी कल्याण चक्रवर्ती | डीआईजी छिंदवाड़ा रेंज | डीआईजी पीएचक्यू |
| पंकज श्रीवास्तव | एडि .सीपी नगरीय पुलिस भोपाल | डीआईजी पीएचक्यू |
| राजेश कुमार सिंह | डीआईजी पीआरटीएस इंदौर | एडि .सीपी नगरीय पुलिस इंदौर |
| हेमंत चौहान | डीआईजी एससीआरबी पीएचक्यू | डीआईजी रीवा रेंज |
| विजय कुमार खत्री | डीआईजी रेडियो भोपाल | डीआईजी छतरपुर रेंज |
| विनीत कुमार जैन | डीआईजी, एसपी अशोकनगर | डीआईजी बालाघाट रेंज |
| मनोज कुमार सिंह | डीआईजी, एसपी धार | डीआईजी इंदौर ग्रामीण रेंज |
| राकेश कुमार सिंह | डीआईजी एसआईएसएफ पीएचक्यू | डीआईजी छिंदवाड़ा रेंज |
| राजेश सिंह | डीआईजी रीवा रेंज | डीआईजी भोपाल ग्रामीण रेंज |
| शशीन्द्र चौहान | डीआईजी, सेनानी 32वीं वाहिनी विसबल उज्जैन | डीआईजी सागर रेंज |
| मयंक अवस्थी | एआईजी विशेष शाखा पीएचक्यू | एसपी धार |
| राजीव कुमार मिश्रा | एआईजी महिला सुरक्षा शाखा पीएचक्यू | एसपी अशोकनगर |

# 16 प्रशासनिक अफसर बने आईएएस

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 सितंबर. राज्य प्रशासनिक सेवा के 16 अफसरों को भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग में पदोन्नत कर दिया गया है. केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है. इनमें वर्ष 2023 की अवधि के लिये 8 और वर्ष 2024 की अवधि के लिये भी 8 अफसरों को आईएएस संवर्ग में पदोन्नत किया गया है.**




पति राकेश कुशरे और पत्नी नंदा भलावे कुशरे एक साथ बने आईएएस.

राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय सेवा संवर्ग में पदोन्नति के लिये 8 अगस्त को दिल्ली में डीपीसी हुई थी. इस डीपीसी में वर्ष 2023 और वर्ष 2024 की अवधि के रिक्त पदों के लिये दावेदारों के नामों पर विचार किया गया था, इनमें 1998 से लेकर वर्ष 2007 बैच तक के अफसर शामिल थे. आईएएस संवर्ग में पदोन्नत होने वालों में लंबे समय से प्रतीक्षारत एनपी नामदेव भी शामिल हैं. लंबे समय से नामदेव का मामला लटका हुआ था, लेकिन कमलचंद्र नागर का नाम अटक गया है, उनके नाम को क्लियरेंस नहीं मिल पाया. इन दोनों सूची में वर्ष 2007 के आशीष कुमार पाठक तक के नाम को वरिष्ठता क्रम से क्लियरेंस मिल गया, लेकिन उसके बाद अब मिनिषा पाण्डे सहित वर्ष 2007 के अन्य अफसरों को पदोन्नति के लिये वर्ष 2025 की अवधि के लिये होने वाली डीपीसी तक का इंतजार करना होगा.

**2023 की अवधि के लिये**

नारायण प्रसाद नामदेव, डॉ. कैलाश बुन्देला, नंदा भलावी कुशरे, अरूण कुमार डामोर, सविता झारिया, सारिका भूरिया, कमल सोलंकी, जीतेन्द्र सिंह चौहान.

**2024 की अवधि के लिये**

संतोष कुमार टगोरे, निशा डामोर, राकेश कुशरे, शैली कनास, रोशन सक्सेना, कविता भाटिया, सपना अनुराग जैन, आशीष कुमार पाठक.

**आज होगा मतदान** | संसद के 781 सदस्यों के हाथ में निर्णय, शाम छह बजे से होगी मतों की गिनती

# कौन अगला उपराष्ट्रपति ...राधाकृष्णन या सुदर्शन?

**नई दिल्ली, 08 सितंबर ( वार्ता ) उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार यानी आज मतदान होगा, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य हिस्सा लेंगे. इस चुनाव में लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य और राज्य सभा के 239 मौजूदा सदस्य ही वोट कर सकेंगे. इस तरह निर्वाचन मंडल में इस समय 781 सदस्य हैं और किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी.**



मतदान नए संसद भवन में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक होगा और मतों की गिनती शाम छह बजे से होगी.

उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को जबकि इंडिया गठबंधन ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे बी सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है. लोकसभा और राज्यसभा में संख्या बल के आधार पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बहुमत होने के कारण उसके उम्मीदवार का पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है. उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले संसद भवन परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में इंडिया गठबंधन के सांसदों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें मतदान को लेकर विचार विमर्श किया गया.

### जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता

उप राष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के सभी सांसद मतदान करते हैं.लोकसभा की कुल सदस्य संख्या 543 हैं लेकिन एक सीट खाली होने की वजह से मतदान में 542 सदस्य हिस्सा ले सकेंगे. राज्यसभा में कुल सदस्य संख्या 245 हैं जबकि छह सीटें खाली हैं जिसकी वजह से 239 सदस्य ही वोट कर सकते हैं. इस तरह मतदान के पात्र सदस्यों की कुल मौजूदा संख्या 781 है. चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी.

# कुलगाम मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गये, एक जेसीओ घायल

**श्रीनगर, 08 सिंतबर ( वार्ता ). जम्मू -कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को एक मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गये और एक जूनियर कमीशंड अधिकारी ( जेसीओ ) घायल हो गया है.**

सेना ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से दी गयी विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कुलगाम के गुद्दर वन क्षेत्र में सेना, सीआरपीएफ और पुलिस ने एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया.

सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा, सतर्क जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखकर आतंकवादियों को ललकारा, जिस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी. इसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी शुरू हो गयी, जिसमें दो आतंकवादी मारे गये और एक जूनियर कमीशन अधिकारी घायल हो गया. दोनों आतंकवादियों की पहचान की जा रही है. सेना ने कहा कि घायल जवान को जरूरी चिकित्सा सुविधा के लिये चिकित्सा केन्द्र भेज दिया गया है. यह अभियान अभी भी जारी है. पिछले महीने कुलगाम में सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ 12 दिनों का एक अभियान चलाया था जिसमें लश्कर ए तैयबा के एक आतंकवादी की मौत हो गयी थी और सेना के दो जवान शहीद हुये थे.